## बडा पांचना पुल मे मिला युवक का शव

**करौली ( नि.स. )।** करौली हिंडौन मार्ग स्थित पांचना नदी किनारे कपडे,जूते पडे मिलने के मामले में एसडीआरएफ की टीम ने कडी मशक्कत के बाद एक युवक के शव को बाहर निकाल कर अस्पताल कि मोर्चरी पहुंचाया। जहां पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। करौली कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। करौली अस्पताल पुलिस चैकी के एएसआई बृजराज शर्मा ने बताया की करण 36 पुत्र लक्ष्मण जाटव निवासी गोटनियापुरा भांकरी गत 5 अक्टूबर को घर से निकला था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। इस दौरान परिजनों ने युवक कि कई जगह तलाश की। 6 अक्टूबर को किसी ने पांचना नदी की छोटी पुलिया पर कपडे,जूते पडे देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना में किसी के नदी में कूदने कि आशंका जताई थी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम पांचना नदी पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार को एक बार फिर एसडीआरएफ की टीम ने नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। कडी मशक्कत के बाद युवक के शव को नदी से बाहर निकाल कर करौली अस्पताल पहुचाया मृतक कि पहचान करण जाटव के रूप में हुई है। मृतक का पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# रामलीला को देखने उमड़ा जन सैलाब, कलाकारो की प्रस्तुतियो ने मोहा मन

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद के तत्वाधान में पुरानी अनाज मण्डी में चल रही रामलीला के चर्तुथ दिवस पर माता अहिल्या उद्धार, राम सीता मिलन सहित आदि का बडे ही सुन्दर ढंग से संगीतमय चित्रण किया गया। कार्यक्रम में सभापति शिवरतन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, शहर मण्डल अध्यक्ष नवीन शर्मा एडवोकेट, मनोज बंसल सहित पार्षद व कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे जिन्होंने विधिवत्त पूजा अर्चना और आरती कर रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राधा कृष्णांजली मण्डल के निदेशक कैलाश शर्मा, बृजेश शर्मा ने हनुमान चालीसा के माध्यम से रामलीला का शुभारम्भ किया। रामलीला में रविवार की रात को राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर के निमंत्रण पत्रिका मिलने पर दो राजकुमार मुनि विश्वामित्र के साथ मिथिला नगर के लिए रवाना हुए। जहां प्रभू राम ने गुरू आज्ञा से महर्षि गौत्तम की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया। इसके बाद दोनो भाई गुरू के साथ राजा जनक के नगर मिथिला पहुंचे जहां पर राजा जनक ने मुनि विश्वामित्र की आगवानी कर सुकुमारो का परिचय लिया। इसके बाद बाग बगीचे में सीता व राम मिलन का



रामलीला के दौरान सजा राम दरवार व उपस्थित दर्शक एवं प्रश्नोत्तर विजेता का सम्मान करते अतिथी।

बडे ही रोचक ढंग से प्रस्तुती दी। रामलीला के दौरान नगर परिषद के द्वारा आमजन में राम चरित्र की जानकारी के लिए सभी को मिले इसके लिए प्रश्नमंच के माध्यम से पांच प्रश्न प्रतिदिन पूछे जाते है जिसका सही जबाव देने पर उन्हें मोमेंटो दे कर सम्मानित किया जाता है। शहर में रामलीला का मंचन होने के कारण रामलीला देखने वालो में भारी उत्साह है। नगर परिषद की ओर से भी लोगो के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। वृदांवन से आए कलाकारो के द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां लोगो के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। रामलीला प्रतिदिन शाम साढे 7 बजे से रात्री साढे 1० बजे तक आयोजित की जा रही है। रामलीला में हजारो महिला पुरूष व बच्चे मोजूद थे। गौरतलब है कि शहर में करीब ढाई दशक पहले रामलीला का आयोजन किया जाता था, लेकिन इसके बाद रामलीला का आयोजन बंद हो गया। इस वर्ष नगर परिषद की ओर से इस बार पहल कर अपनी ओर से रामलीला का आयोजन शुरू किया गया है। रामलीला कार्यक्रम पुरानी अनाज मंडी परिसर में किया जा रहा है। रामलीला में मानव हित के कार्य को देखते हुए सामाजिक संगठन आगे आएं है जिसमे भारत विकास परिषद शाखा कुशालगढ द्वारा सभी नागरिकों को कुल्हड में चाय दी गई।नई दिशा सोसाइटी की टीम द्वारा जगह पर ही ठंडे पानी की व्यवस्था की गई।

## प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** समग्र शिक्षा भरतपुर की ओर से विद्यालयों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं की कलाओं को एक समन्वित मंच उपलब्ध करवाने के लिये जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन स्काउट भवन रेलवे स्टेशन के सामने भरतपुर में 8 अक्टूबर प्रात: 10 बजे किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी एकल प्रस्तुती तथा सामूहिक प्रस्तुती के साथ भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भारतीय परम्परागत कलाऐं तथा आधुनिक कला के आयाम शामिल किये गये हैं।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमश:500, 300, 200 रुपये की नगद राशि के साथ साथ शील्ड व प्रमाणपत्र मेडल ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा और प्रथम स्थान विजेता विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस हेतु विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताऐं 30 सितम्बर से 7 अक्टूबर के बीच आयोजित की गयी हैं। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सभी संस्था प्रधानों, ब्लॉक कार्यालयों, अभिभावकों से अपील है कि वे अधिक से अधिक प्रतियोगियों को प्रेरित करें विद्यार्थी जीवन में ही उनकी प्रतिभा को पहचान दिलायें।

## सार-समाचार

### मां कैला देवी की निशुल्क पदयात्रा 16को



चैनपुर बालाजी धाम पर विशाल भगवती जागरण स्थल का जायजा लेते पदयात्रा समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी ।

**गंगापुर सिटी ।** मां कैला देवी सेवा संस्थान समिति के तत्वाधान में 16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर कैला देवी की निशुल्क पदयात्रा पुरानी अनाज मंडी सीता राम मंदिर से विधि विधान पूजा अर्चना कर दोपहर 2 बजे प्रस्थान करेगी। पदयात्रा के सांस्कृतिक प्रोग्राम संयोजक वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि रविवार को यात्रा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष दिनेश चंद तमौलीपुरा, महामंत्री रमेश चंद तिवारी, यात्रा संयोजक राजेंद्र वैष्णव, दिनेश गुप्ता कोर्ट, महेश पडासोद, राकेश मंगल, राहुल गर्ग आदि ने पदयात्रा मार्ग सलेमपुर, कुडगांव, चैनपुर बालाजी, रामपुरा, बिजासन खोहरी माता, कैला देवी भवन पहुंचकर विश्राम व जागरण स्थल भंडारा स्थल मथुरा वालो की धर्मशाला का जायजा लिया। समिति के सदस्यों ने चैनपुर बालाजी पहुंचकर ढोंक लगाई और ग्राम वासियों के साथ मिलकर भगवती जागरण स्थल को दुरुस्त कराया। मार्ग में पदयात्रा का स्वागत सत्कार करने वाले भामाशाहों से भी संपर्क किया गया। पदयात्रा में खीर प्रसाद वितरण स्थल का चयन किया गया। खोहरी माता के दर्शन कर कैला देवी भवन पहुंचकर ढोंक लगाकर कैला देवी में भंडारा स्थल मथुरा वालों की धर्मशाला में पहुंच कर व्यवस्थाओ का जाएजा लिया। राकेश मंगल ने बताया कि 16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर कैला देवी की निशुल्क पदयात्रा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीताराम मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए कैला देवी प्रस्थान करेगी। पदयात्रा का प्रथम विश्राम चैनपुर बालाजी पर रहेगा जहां विशाल भगवती जागरण का कार्यक्रम एवं गैरई मोड बिजली घर के पास खीर प्रसादी वितरण एवं 17 अक्टूबर प्रात: 6 बजे से मथुरा वालों की धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

### बालिकाओं को कराई कंपोजिट विजिट

**करौली ( नि.स. )।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रॉप आउट बालिकाओं को कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों कि कंपोजिट विजिट कराई गई। महिला अधिकारिता विभाग करौली में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में 2 से 11 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें ड्रॉप आउट बालिकाओं कि कलेक्ट्रेट में सभी विभागों की कंपोजिट विजिट करवाई गई जिसमें सबसे पहले अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय कि विजिट कि इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर के द्वारा बालिकाओं के कार्यों के बारे में जानकारी ली और महिला बाल विकास विभाग,सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग,पोस्ट ऑफिस सहित अन्य विभागों में विजिट करवाई गई जिसमें बालिकाओं को सभी विभागों कि जानकारी मिली जिससे बालिकाओं ने शिक्षा के महत्व को जाना और बालिकाओं के मन में उत्साह देखने को मिला इस दौरान बालिकाओं ने संकल्प लिया कि हम आगे पढ़ाई जारी रखेंगे इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग कि ब्लॉक पर्यवेक्षक गोमती मीना और साथिन के माध्यम से शिक्षा सेतु योजना के द्वारा फॉर्म के लिए बालिकाओं को प्रेरित किया गया।

### नवरात्रि महोत्सव का आयोजन

**गंगापुर सिटी।** अंतर्राष्टीय वैश्य महिला महासम्मेलन की तहसील इकाई द्वारा भगवती पैलेस में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवरात्रि के अवसर पर माता मां दुर्गा का दरबार सजा कर आरती के साथ डांडिया महोत्सव की शुरूआत की गई। इस दौरान कन्या पूजन करके माता का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। सभी कन्याओं के पैर धोकर उन्हें चुन्नी और माला व मुकुट पहनाया गया। तहसील रेखा अग्रवाल ने बताया कि नवरात्रों में माताजी की उपासना और पूजा पाठ करके सुख शांति, वैभव की प्रार्थना की जाती है। कार्यक्रम संयोजक संजना मित्तल, अंशु खंडेलवाल, कुसुम अग्रवाल, मंजू सिंघल ने महिलाओं से नवरात्रों से संबंधित प्रश्न पूछे, जवाब देने वालों को उपहार दिए गए। सभी ने दुर्गा माता के भजनों पर जम कर डांडिया नृत्य किया। इस दौरान महामंत्री अनीता दुसाद, देवल अग्रवाल, रेखा जैन, मोनिका, मधु, मंजू, पूजा, ज्योति, रुचि मनीषा संगीता सारिका सहित सभी कार्यकारणी सदस्य मौजूद रहे।

### मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**करौली ( नि.स. )।** करौली कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अस्पताल से मोबाइल चुराने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। करौली कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि थाने के एएसआई ओमप्रकाश द्वारा थाने के एक मुकदमे में मोबाइल चोरी करने के आरोपी खेमराज जाटव पुत्र सन्नू जाटव 24 निवासी मैंगरा थाना मासलपुर को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर को इमरान पठान निवासी बडी बाखर थाना कोतवाली हिंडौन सिटी ने करौली कोतवाली थाने मे रिपोर्ट कराते हुए रात्रि के समय करौली अस्पताल से मोबाइल चोरी हो जाने की जानकारी दी जिस पर पुलिस द्वारा अनुसंधान कर चोरी के आरोपी खेमराज पुत्र सन्नू जाटव को गिरफ्तार कर उसे अन्य चोरियो के बारे में पूछताछ करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल कराया गया है।

### नेत्र व दंत शिविर लगाया

**गंगापुर सिटी ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 1 के प्रांतीय कार्यक्रम तहत चल रहा सेवा सप्ताह में आज लायंस क्लब गंगापुर सिटी ने उदेई मोड, लाटा गली स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नेत्र व दंत चेकअप शिविर लगाया। जिसमें स्कूल में पढने वाले 15० विद्यार्थियों की आंखों की जांच लायन विजय अग्रवाल और दांतों की जांच दंत चिकित्सक डॉक्टर भूवी अग्रवाल द्वारा की गई। इसमें प्रत्येक विद्यार्थी को एक पेस्ट और एक टूथ ब्रुश दिया गया। क्लब के अध्यक्ष सुरेश चन्द गुप्ता ने क्लब द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया और डॉक्टर भुवी अग्रवाल ने बच्चों को दांतों को साफ रखने की नसीहत दी। इस कार्यक्रम के संयोजक लायन सुनील अगरबत्ती रहे। इस मौके पर लायन राधेश्याम विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष लायन निर्मल शर्मा, लायन विनोद गुरुजी आदि कई सदस्य मौजूद रहे।

### महुकलां ने जीता पहला मैच

**गंगापुर सिटी ।** संडे सुपर लीग द्विपक्षीय सीरीज का पहला मैच महूकला और फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। महूकला ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए महूकला ने निर्धारित 2० ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाएं, महूकला की ओर से वीरेंद्र गुर्जर ने सर्वाधिक 33 बॉल में 64 रन बनाएं और जीतू गुर्जर ने अपनी टीम के लिए 36 बॉल में 38 रन का योगदान दिया। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की ओर से निखिल जागा ने 2 विकेट लेकर लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब निर्धारित 2० ओवर में 159 रन ही बना पाई और महूकला ने यह मुकाबला 6 रन से जीतकर सीरीज का पहला मैच अपने नाम किया।

## शिक्षा अधिकारी ने विज्ञान मेले का किया उद्घाटन

**करौली ( नि.स. )।** जिला स्तरीय विज्ञान मेले का उद्घाटन स्वतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मॉ0 सरस्वती के चित्रपट्ट पर दीप ज्योति एवं अगरबत्ती जलाकर किया गया। विज्ञान मेला प्रभारी घनश्याम मीणा उप प्राचार्य ने बताया कि सोमवार को जिला स्तरीय विज्ञान मेले में प्रदर्श मॉडल,सेमिनार और क्विक प्रतियोगिताओं के रजिस्ट्रेशन किए गए एवं प्रदर्श मॉडल जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता संपन्न हुई ।

जिसमें जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों से प्रथम आए विद्यार्थियों के द्वारा भाग लिया गया प्रदर्श मॉडल में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के विभिन्न 8 उप विषयो में बाल वैज्ञानिक कलाकारों के द्वारा भाग लिया गया जिसमें अनेक प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्श मॉडल के विभिन्न विषयों में भाग लेने वाले संभागियों के रिजल्ट 9 अक्टूबर को समापन के दौरान क्विज एवं सेमिनार प्रतियोगिता के साथ ही बताए जाएंगे ।

उन्होने बताया कि आज मंगलवार 8 अक्टूबर को क्विज एवं सेमिनार दोनों प्रतियोगिताएं संपन्न करवाई जाएगी 9 अक्टूबर को विद्यालय में मेले का समापन किया जाएगा ।

उद्घाटन के दौरान उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों से आए हुए निर्णायक कि उपस्थिति में उद्घाटन संपन्न हुआ।

## दीक्षा राजस्थान फुटबॉल टीम की कप्तान

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान फुटबाल संघ की ओर से आयोजित राष्ट्रीय वूमेन फुटबॉल चौंपियनशिप के लिए राजस्थान टीम का ऐलान किया गया है। जिसमें भरतपुर की दीक्षा कुमारी को कप्तान बनाया गया है। फुटबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद पाल सिंह ने बताया की राजस्थान महिला फुटबॉल टीम में भरतपुर की 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें भरतपुर की दीक्षा कुमारी कप्तान बनी है। दीक्षा स्ट्राइकर है। इसके अलावा रूबी, हेमलता, कामिनी, गार्गी व किट्टू का चयन हुआ है। रविवार को चयनित टीम को राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत उपाध्यक्ष अरविंद पाल सिंह एवं रोशनी कम महिला फुटबॉल महिला कमेटी की अध्यक्ष रोशनी तक टॉक में टीम को स्पोर्ट्स किट प्रदान की।

# महिला प्रकोष्ठ द्वारा डांडिया रास उत्सव का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** पूरे शहर में इस वक्त डांडिया समारोह की धूम दिखाई दे रही है। शहर के विभिन्न संगठनों के द्वारा डांडिया महोत्सव मनाए जा रहे है। इन डांडिया समारोह में लोग बढ चढ कर भाग ले रहे है। इसी कडी में शारदीय नवरात्र के चौथे दिन ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा डॉ कुसुम शर्मा के संरक्षण में ब्राह्मण धर्मशाला खिरनी घाट भरतपुर में डांडिया रास उत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें सैकडो महिला ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष संगीता शर्मा ने बताया कि मां जगदंबा को प्रसन्न करने के लिए डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाता है।

शहर अध्यक्ष सीमा शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में हमने महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिता रखी। कई लकी ड्रा और सरप्राइज गिफ्ट भी रखे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध कथा वाचक विजया एवं डिप्टी डायरेक्टर आयुर्वेद भरतपुर इंदु शर्मा, डॉ कुसुम शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं भुवनेश्वरी दीक्षित द्वारा देवी मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कर किया गया। निर्णायक दल में दंत चिकित्सक डॉ ईशा शर्मा, मॉडल कनिका तिवारी, इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट रेखा शर्मा उपस्थित रहीं।

महामंत्री अनुराधा शर्मा उपाध्यक्ष नीलम शर्मा ने कहा कि लडकियों में डांडिया प्रिंसेस अनन्या, डांस में प्रथम वर्तिका द्वितीय अनुष्का, कॉस्ट्यूम में प्रथम दिया, द्वितीय जाह्नवी विजय रहे। उपाध्यक्ष नीतू शर्मा एवं उपाध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि बच्चों में डांडिया एंजिल निवी, जहान्वी डांडिया प्रिंसेस इशानी रही। कल्पेश एवं रिचा शर्मा ने बताया कि महिला में डांडिया क्वीन टीना, डांडिया कॉस्ट्यूम फर्स्ट टीना सेकेंड गरिमा डांडिया डांस फर्स्ट करुणा सेकंड हेमलता रही बेस्ट हेयर स्टाइल सीता ने जीता। ऑल इज गोल्ड में प्रथम राजकुमारी इंदू शर्मा रही। डांस कोरियोग्राफर रिया शर्मा ने डांडिया के गानों पर महिलाओं से बहुत ही खूबसूरत नृत्य करवाया गया।

मंच संचालन एंकर कौशल शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुसुम लता, विजय, ईंदू, आशा, गरिमा, प्रवेश, राहुल, पारुल सुंदरी बाला आदि महिला मौजूद रही।

# सप्ताह के समापन पर हुए कार्यक्रम

**करौली( नि.स. ) ।** एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की समाज कल्याण सप्ताह के समापन की शुरुआत बालिकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम से की गई। कार्यक्रम का समापन नि:शब्द विद्यालय एकट बोधग्राम में हुआ सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग बबलू शर्मा ने सप्ताह में किये गए कार्यों का प्रतिवेदन रखा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने कहा की संस्था द्वारा संचालित विद्यालय में आकर में खुद नि:शब्द हूँ कितनी मेहनत और लगन से बच्चो को इस मुकाम पर पहुँचाया हैं हम प्रशासन की और से हर सम्भव मदद करेंगे संस्था द्वारा पुनीत कार्य का बीड़ा उठाया जो सराहनीय हैं समाज कल्याण द्वारा सप्ताह के अंतर्गत किये गए आयोजनों से निश्चित लोगो को लाभ मिलेगा सहायक कलेक्टर राजवीर यादव ने विद्यालय की प्रगति पर खुशी जताते हुए कहा की संस्था द्वारा दी जा रही शिक्षा और सुविधाएं बच्चो को बहुत आगे तक लेकर जाएगी और बच्चे आत्मनिर्भर बनेंगे समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रम अधिकारी मेघराम मीना ने दिव्यांगों के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया रोडवेज करौली के प्रबंधक शिवदयाल शर्मा ने दिव्यांगों के रोडवेज पास के फार्म तैयार करवाए इस दौरान समापन की पूर्व संध्या पर दिव्यांगों की खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियो द्वारा पुरुस्कार वितरण किये मूक बधिर बच्चो ने योगा का प्रदर्शन किया जिसका अतिथियो ने ताली बजाकर हौसला अफजाई करते हुए प्रसंशा की अंत मे संस्था के समन्वयक सत्येन चतुर्वेदी ने धन्यवाद देते हुए कहा की संस्था अगले महीने से जिले में शिक्षा से बंचित मूक बधिर बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य मंडरायल ब्लॉक से करेगी जिसमे सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत मूक बधिर बच्चो एवं अध्यापकों को सांकेतिक भाषा का वातावरण तैयार कर शिक्षा को आगे बढ़ाने हेतु कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ दिलाएगी कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य स्नेहलता राजावत, अनिल वर्मा, प्रेमपाल, भावना शर्मा, खुशी शर्मा, विनोद कुमार, संस्था के प्रशासनिक प्रभारी अमन चतुर्वेदी, राजकुमार शर्मा सहित समाज कल्याण विभाग के पवन मीना, भानु प्रताप, सोमेंद्र जोशी, हिम्मत सिंह सहित अन्य स्टाफ एवं बालक बालिका मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता का आयोजन

**करौली ( नि.स. ) ।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत संचालित गतिविधि में जिला अस्पताल स्थित एएनएम सभागार में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता प्रभारी सहायक आचार्य डॉ प्रेमराज मीना ने बताया कि प्रतियोगिता में 180 एएनएम एवं बीएससी नर्सिंग विधार्थियो ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं यथा घरेलू तनाव, तंबाकू का नशा, अवसाद, एंजाइटी, शराब से दूरी आदि का पोस्टर्स में सजीव चित्रण किया। निर्णायक मंडल में उपनिदेशक डॉ राजेश मीना, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम शर्मा द्वितीय स्थान सोनू शर्मा, तृतीय स्थान कोमल कुम्हार ने प्राप्त किया।

# मीना ने सी.डी.ई.ओ.पद पर किया कार्य ग्रहण

**करौली ( नि.स. ) ।** करौली में रिक्त चल रहे सीडीईओ पद पर गोपाल प्रसाद मीना ने कार्य ग्रहण कर लिया। शिक्षा विभाग ग्रुप 2संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल ने अतिरिक्त निदेशक,संयुक्त निदेशक,उप निदेशक एवं समकक्ष पदों पर पदोन्नित उपरांत पदस्थापन आदेश जारी किए है पूर्व में मीना बैर भरतपुर में सीबीईओ पद पर कार्यरत थे उन्हे पदोन्नित पर करौली सीडीईओ लगाया है जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवारी,डाईट प्राचार्य पुष्पेंद्र शर्मा,पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी का माला साफा पहनाकर एवं अम्बेडकर की तस्वीर भेट कर स्वागत किया सीडीईओ ने जिले में शिक्षा के स्तर को उच्च स्तर पर ले जाने हेतु विद्यालयों की प्रभावी मॉनिटरिंग करना एवं शिक्षको की समस्याओं का निस्तारण करना रहेगा राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के जिलाध्यक्ष रूपसिंह मीना,महामंत्री विष्णु मंडल,अमृत लाल छाबड़ा,दिनेश चंद मीना प्रधानाचार्य, संरक्षक शैलेंद्र बागोरिया प्राचार्य, रामखिलाडी मीना पूर्व सीबीईओ, लक्ष्मी चंद मीना, राजेंद्र मीना, कमल लाल जाटब, जिया लाल जाटब, भमरमीना, टीकाराम महावार, गोविंद सहाय मीना, राजेश मीना,सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**हलैना ( निस )।** कस्बा हलैना में अग्रवाल समाज तथा युवा अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित महाराजा अग्रसेन उत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को 31 वा कवि सम्मेलन हुआ। जिसकी अध्यक्षता द्वारका प्रसाद जिंदल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीग जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय सिंघल, विशिष्ट अतिथि सुरेश सिंघल, पूर्व सरपंच वासुदेव प्रसाद गोयल, अशोक गोयल दवा वाला, पूर्व पंच विनोद मित्तल, वैर पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता, ईंट भट्टा उद्योगपति गिरधारी गुप्ता बेरी, सुरेश जिंदल रहे।

सम्मेलन में आगरा, लखनऊ, फिरोजाबाद, टूंडला, कोटा, धौलपुर, मुरसान, भरतपुर के कवि-कवित्रियों ने ओजस्वी, हास्य, करुणा रस में काव्य पाठ किया। साथ ही हास्य चुटकुले व व्यंग सहित गीतों की प्रस्तुति दी। लखनऊ की कवित्री वंदना विशेष अग्रवाल ने शारदे मां व महाराजा अग्रसेन की वंदना से सम्मेलन की शुरुआत की। जबकि संचालन टूंडला के हास्य कवि लटूरी लट्ठ ने किया। आगरा कवि मोहित सक्सेना ने व्यवस्थाएं देख श्रोताओं को संभाल और कवियों से काव्य पाठ की प्रस्तुति कर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया।

कोटा के कवि डॉ आदित्य जैन ने सीखो सदा अतीत से निष्कर्ष पर चलो



कस्बा हलैना में अग्रवाल समाज तथा युवा अग्रवाल समाज की ओर से महाराजा अग्रसेन उत्सव कार्यक्रम के तहत 31 वा कवि सम्मेलन आयोजित हुआ ।

या फिर समय की चाल के उत्कर्ष पर चलो जीवन को अगर तीर्थ बनाना हो तो सुनो महाराज अग्रसेन के आदर्श पर चलो तथा अकबर भी डर गया तेरी छाती के नाप से चट्टान भी पिघल गई। सांसे के ताप से मिट्टी में गिरा खून तो हल्दी महक उठी। धरती ये धन्य हो गई राणा प्रताप से की प्रस्तुति दे श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सम्मेलन में दिल्ली ज्योति उपाध्याय, लखनऊ वन्दना विशेष अग्रवाल, धौलपुर रामबाबू सिकरवार, टुण्डला के लटूरी लट्ठ, आगरा मोहित सक्सैना, धौलपुर के पदम गौतम, मुरादाबाद के समरस मुरदानी, विष्णु उपाध्याय, वैर के कवि बाबूलाल डीगिया ने प्रस्तुत दी। समाज के महेश गर्ग खाद वाला, सुरेश जिन्दल, विनोद मित्तल, सोमेश्वर पहलवान, रवि गोयल ने बताया कि समाज के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयन्ती महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के तहत महाराजा अग्रसेंस शोभा यात्रा समरी भजन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता मेधावी बच्चों का सम्मान आदि कार्यक्रम हुए। साथ ही डीग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय सिंघल, हलेना थाना प्रभारी बिजेंद्र शर्मा आदि का भी सम्मान किया गया

। इस अवसर पर रवि गोयल, टिंकू जिन्दल, टिंकू सिंघल, डिम्पल सिंघल, योगेश जिन्दल, शीतल प्रसाद, रोहित मित्तल, विनोद गर्ग, अशोक गोयल दवावाला, गोपाल मित्तल, सतीश मंगल, रामेश्वर मंगल, गोपाल बंसल पटवारी, देवेन्द्र मित्तल, राकेश गोयल वर्तन वाला, दीनदयाल गोयल, रामेश्वर पहलवान, पूरनमल जिन्दल, नीरज जिन्दल, सुरेश चन्द गुप्ता, विष्णु मित्तल आदि का विशेष योगदान रहा।

# चौधरी तैय्यब हुसैन की पुण्यतिथि मनाई

**कामां ( निस )।** तीन राज्यों के मंत्री रहे मरहूम चौधरी तैय्यब हुसैन की मनाई पुण्य तिथि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व मिलनसार लोगों ने चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मांगी अमैन चौन की दुआएं। जिला उपाध्यक्ष श्रीचंद गौड़ ने बताया कि सोमवार को पूर्व मंत्री जाहिदा खान के निवास पर तीन राज्यों के मंत्री रहे मरहूम चौधरी तैय्यब हुसैन की पुण्यतिथि मनाई गई व उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही उनके राजनीतिक जीवन को याद कर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को फक्र महसूस हुआ जिन्होंने तीन राज्यों में कामां मेवात क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए विकास कार्यों को गति दी। मरहूम चौधरी तैययब हुसैन मेवात की सभी 36 बिरादरी को साथ लेकर चले और हमेशा मेवात में भाई चारे के लिए काम किया। चौधरी तैय्यब हुसैन राजस्थान हरियाणा व पंजाब में मंत्री पद रहकर उन्होंने सत्ता संभाली और कामां मेवात क्षेत्र का पूरे भारतवर्ष में नाम रोशन कर अपनी व क्षेत्र की पहचान बनाई। मरहूम चौधरी तैय्यब हुसैन हमेशा से अपने देशी अंदाज से जाने जाते थे वो हमेशा 36 विरादरियो को साथ लेकर चलने वाले राजनेता थे आज उन्हें राजस्थान हरियाणा व पंजाब के लोग याद कर पुण्य तिथि मना रहे है। ब्लांक अध्यक्ष फज्जर खान ने बताया कि पूर्व मंत्री मरहूम चौधरी तैययब हुसैन की 16वीं पुन्य तिथि के अवसर पर कुरानखानी की गई और पुरे इलाके में लोगों ने दुआ कर चौधरी सहाब को जन्नत मिलने की दुआ की गई। सभी ने अमन चैन व आपसी भाईचारा कायम रखने की दुआएं की इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मरहूम चौधरी तैययब हुसैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी की याद में 2 मिनिट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष श्रीचन्द गौड, बाबा हनीफ सरपंच, कैलाश जैन, पार्षद चन्दन सिंह जाटव, सौकत अली, कल्लू लाडलाका, संजय जैन, जनीस खांन, यहाया जुरहरी, रन्जीत सैनी, सहीदा, इन्नस सहित सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतियोगिताओं में भाग लिया

**भरतपुर ( निस )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर के तत्वावधान में वन्य जीव सप्ताह 1 से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान वन्य प्राणी संरक्षण के उद्देश्य को प्रसारित करने के लिए श्री गुरू हरिकिशन उमावि के विद्यार्थियों ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया, साथ ही अनेक प्रतियोगिताओं जैसे चित्रकला, रंगोली एवं निबन्ध प्रतियोगिता में भाग भी लिया। इन प्रतियोगिताओं में से चित्रकला प्रतियोगिता में देवश्री 11वीं आर्ट्स ने प्रथम स्थान एवं माधवी 11वीं आर्टस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


**पश्चिम मध्य रेल**

कार्यालय मण्डल रेल प्रबंधक, कोटा ■ आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना

संख्या: सी–548/4/4 ATVM Facilitator Vol-V ■ दिनांक: 04.10.2024

**रेलवे के ग्रुप 'सी एवं डी' सेवानिवृत्त कर्मचारियों से एटीवीएम मददगार की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे., कोटा द्वारा** निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन अधिसूचना सं:** सी-548/27/ATVM/2024. **कार्य का नाम: रेलवे के ग्रुप 'सी एवं डी' सेवानिवृत्त कर्मचारियों से 3% बोनस आधार पर टिकट वितरण का कार्य करने के लिए एटीवीएम मददगार की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23.10.2024, 17.00 बजे तक। **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 24.10.2024, 13.00 बजे तक। **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समय:** 24.10.2024, 16.00 बजे। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तों को वेबसाईट **www.wcr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

*वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, कोटा.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

## दुर्गा अष्टमी महोत्सव मनाया


**भरतपुर ( निस )।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति सेवर प्रखण्ड द्वारा गंगामहारानी मन्दिर प्रांगण में दुर्गा अष्टमी महोत्सव मनाया गया। महोत्सव के दौरान अतिथियों ने नारी को दुर्गा का रूप बताया। गंगामहारानी मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड संयोजिका बृजेश की गई। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र एवं राम दरबार के आगे दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित करके हुई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि आज के समय में मातृशक्ति को अपनी शक्ति को पहचान करके समाज में सम्मान के साथ जीना है। उन्होंने कहा कि नवरात्र में हमारी मातृशक्ति को मां भगवती की उपासना करके अपने तन एवं मन का शुद्धिकरण करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला सह संयोजिका ने बताया कि आज की महिला अबला नहीं सबला हैं। उन्हें अपनी शक्ति को पहचान करके समाज में सम्मान के साथ जीना हैं। उन्होंने कहा कि पुराने समय में महिलाओं के साथ बहुत अत्याचार होता था, परंतु आज महिलाएं जागृत हो चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रखण्ड मंत्री ताराचन्द आजाद व प्रेमसिंह सिनसिनवार ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद या जितने भी महापुरुष हुए हैं। वह मातृ शक्ति के प्रेरणा से ही महापुरुष बने है। आज के समय में जितनी जरूरत डॉक्टर और इंजीनियर की हैं।

# ‘ किसानों को मांग के अनुसार उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें’

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें शहर में आवासीय क्षेत्रों में खाली भूखण्डों में जलभराव के कारण मच्छर

■ **जिला कलेक्टर ने शहर में आवासीय क्षेत्रों में खाली भूखण्डों में जलभराव के कारण मच्छर पनपने से मलेरिया व डेंगू की सम्भावना को देखते हुए सम्बंधित भूखण्ड स्वामी को धारा 133 के तहत नोटिस जारी कर भूखण्ड निरस्ती की कार्यवाही के निर्देश दिए गए।**

पनपने से मलेरिया व डेंगू की सम्भावना को देखते हुए सम्बंधित भूखण्ड स्वामी को धारा 133 के तहत नोटिस जारी कर भूखण्ड निरस्ती की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा




जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभागवार की योजनाओं समीक्षा की ।

कि शहर में जलभराव क्षेत्रों से पानी निकासी के लिए नगर निगम, नगर विकास न्यास सार्वजनिक स्थानों से अतिरिक्त संसाधन लगाकर शीघ्रता से कार्य करने करें। उन्होंने राजकीय कार्यालयों में सम्बंधित विभागों को पानी निकासी के साथ खरपतवार हटवाने के भी निर्देश दिए ताकि मच्छर लार्वा को पनपने से रोका जा सके। उन्होंने जिलेभर में एंटीलार्वा गतिविधियों के लिए नगर निगम, नगर विकास न्यास, सम्बंधित निकाय, कृषि विभाग को संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर जलभराव क्षेत्रों में सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया, वायरल जैसी मौसमजनित बीमारियों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की जाकर बचाव के बारे में आमजन को जागरूक भी करें। जिला कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र में जलभराव वाले क्षेत्रों की जा रही पानी निकासी की समीक्षा कर आवासीय क्षेत्रों में स्थित खाली भूखण्डों में भरे पानी में लार्वा पाये जाने को गम्भीरता से लेते हुए उपखण्ड अधिकारी को आईपीसी की धारा 133 के तहत सम्बंधित भूखण्ड स्वामी को नोटिस जारी करने एवं नगर विकास न्यास को भूखण्ड निरस्ती की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राज्य सरकार की मंशानुरूप विभागीय योजनाओं से पात्रजनों को लाभान्वित कर विभागीय रैंकिंग में अग्रणी रहें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के सत्यापन, श्रमिक कार्ड पंजीयन, ख़ाद्य विभाग को राशन कार्डों के ईकेवाईसी के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग किसानों को उर्वरक की उपलब्धता के लिए टीम भावना के साथ कार्य करते हुए कालाबाजारी रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करें तथा किसानों को मांग के अनुसार उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने ईफको एवं आईपीएल की रैक लगने के बाद पारदर्शिता से सभी विक्रेताओं को उर्वरक उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेयरी गौपालक क्रेडिट कार्ड योजना के शिविर लगाते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित करें तथा सभी पात्र पशुपालकों का क्रेडिट कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि मण्डी यार्ड में पानी निकासी के साथ साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव यूआईटी ऋषभ मण्डल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पूर्व पार्षद शिब्बुराम चौधरी का निधन



**करौली ( नि.स. )।** नगरपालिका टोडाभीम के पूर्व पार्षद शिब्बुराम चैधरी 92 वर्षीय का 6 अक्टूबर रविवार को सुबह अचानक तबीयत खराब होने के कारण निधन हो गया। नगरपालिका टोडाभीम बडापुरा के पूर्व पार्षद शिब्बुराम चैधरी वर्ष 1985 से नगरपालिका टोडाभीम के लगातार 2 बार पार्षद रहे, पार्षद के पुत्र स्वर्गीय बत्तूलाल मीना भी नगरपालिका के चैयरमेन रहे थे। बुर्जग पार्षद के निधन पर क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक, जन प्रतिनिधिगण, नगरपालिका के पार्षद, परिवारजन, रिश्तेदारों सहित आमजन व ग्रामीणों ने शोक संवेदना व्यक्त कि है। पार्षद के तीये बैठक बुधवार 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान बडापुरा टोडाभीम रखी गई है। पार्षद के परिवार में पुत्र हरीमीना, लखीराम मीना,तेजराम मीना, कैलाशचंद मीना एवं रायसिंह मीना सहित गिरधारी, नरेंद्रकुमार, करणसिंह, ब्रजवासी, राजेश, रवि, दीपकमल, दीपक, सत्येंद्र एवं सोनू पौत्र सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद है।

### सदस्यता अभियान की बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि प्रदेष नेतृत्व के आव्हान पर 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक हर घर-घर सदस्यता हर घर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया है जिसके तहत प्रत्येक बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराकर भाजपा का सदस्य बनाने का कार्य करेंगे इस अभियान को सफल बनाने हेतु पार्टी ने मण्डल स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर जाने का आग्रह किया है एवं विधानसभा स्तर पर जिले के पदाधिकारियों एवं पूर्व जिला अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौपीं है। उन्होने कहा कि आगामी नगर निगम नगर पालिका तथा पंचायतीराज का चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 500 सदस्य जोड़ने होंगे तभी वह टिकट मांगने का अधिकारी होगा। इस अवसर पर उन्होने जिले की टीम को भी लक्ष्य देते हुए कहा कि प्रत्येक जिला पदाधिकारी को कम से कम एक हजार सदस्य बनाने होंगे तथा मण्डल अध्यक्षों को पाँच सौ एवं उनकी टीम को दो-दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं विधायकों को भी तीन-तीन हजार सदस्य बनाने का निर्धारित किया गया है। अंत: में सदस्यता अभियान के जिला संयोजक मोहन रारह ने सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी के जिला, मण्डल के समस्त कार्यकर्ताओं को जो लक्ष्य दिया गया है जिसको निर्धारित समय पर पूरा करना है एवं घर-घर सदस्यता हर घर सदस्यता अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं। बैठक में श्याम सुन्दर गौड़, योगेन्द्र राजू कटारा, मनोज खण्डेलवाल, रज्जन सिंह, कुशल पाल सिंह राजावत, उमेश पाराशर, प्रो. जग्गो सिंह, दीपेन्द्र गनेषिया, दिनेष भातरा, पंकज शर्मा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### सेमीनार का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** लॉयन्स क्लब भरतपुर द्वारा सेवा सप्ताह के छठे दिन स्थानीय जीआईएमटी कालेज, अग्रसेन नगर, भरतपुर पर यातायात जागरुकता, कैसर जागरुकता एवं तनाव मुक्ति सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉयन्स क्लब, भरतपुर अध्यक्ष लॉयन लक्ष्मण पाठक द्वारा एवं मुख्य अतिथि पूर्व आरटीओ आफिसर सुधीर बंसल द्वारा की गई। शिविर के दौरान कार्यक्रम के मुख्य संयोजक लॉयन शिवशं्कर वंसल, अध्यक्ष लॉयन लक्ष्मण पाठक, जेडसी लॉयन रवि कुमार सिंघल, सेवा सप्ताह सहसंयोजक लॉयन राजेन्द्र प्रसाद शर्मा आदि नें कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सुधी वंसल नें उपस्थित कालेज के लगभग 300 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में बताया एवं नियमों को न माननें से होनें वाले दुष्प्रभावों एवं दुर्घटनाओं के वारें में बताया, यातायात कार्यक्रम के प्रायोजक लॉयन जेपी अग्रवाल रहे। जिनके द्वारा यातायात नियमों की जानकारी वाले पोस्टर सभी को वितरित किये गये। कॉलेज की दो प्रवक्ताओं द्वारा कैसर जैसी खतरनाक बीमारी पर प्रकाश डालते हुये उसके प्रकार एवं उससे बचनें के उपाय वतायें। कैसर सेमीनार की प्रायोजक लॉयन मंजू सिंघल रही। इसके बाद तनाब मुक्ति विषय पर लॉयन मंजू सिंघल द्वारा भाषण दिया गया एवं तनाव से वचनें के उपाय वताये, समस्त विषयों के समापन के पश्चात कालेज निदेशक ज्योति सिंह से अपनें भाषण में सभी विषयों का सार प्रस्तुत किया। क्लब द्वारा कालेज निदेशक ज्योति सिंह सहित सभी वक्ताओं एवं अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं उपहार देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव लॉयन जितेन्द्र अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में लॉयन लक्ष्मण पाठक, लॉयन रवि सिंघल, लाॉयन मंजू सिंघल आदि मौजूद रहे।

### चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**करौली( नि.स. )।** करौली कोतवाली पुलिस ने बाजाज नगर कॉलोनी के एक घर से बोरवेल की मोटर, केबल सहित अन्य सामान चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के खुलासे का प्रयास कर रही है। करौली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में तहत हैड कॉन्स्टेबल सुनीता और पुलिस टीम द्वारा पानी की मोटर, केबल व रस्सा चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ कल्ली 21 पुत्र प्रकाश निवासी थडकापुरा थाना सदर करौली को गिरफ्तार किया है। ज्ञात रहे कि गत 25 मई को सुमन मीना निवासी मीणा बडौदा ने एक रिपोर्ट करौली कोतवाली में दर्ज कराई। जिसमे बताया की बजाज नगर करौली स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर एक पानी की मोटर,केबल व रस्सा चोरी करके ले गए।

## ‘जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें’

**करौली( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त, जनसुनवाई सहित अन्य प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को मौसमी बीमारियों के संबंध में आमजन को जागरूक करने, जलभराव क्षेत्रों में फॉगिंग करवाने, दवाईयों की समुचित व्यवस्था करने, आमजन को जागरूक कर कुलर, टायर एवं अन्य जगहों पर भरे हुए पानी को निकालने के लिए जागरूक करने, विद्युत विभाग के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। इसके अलावा ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, सीएमएचओ डॉं. दिनेश मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, अधीक्षण अभियंता परशुराम वर्मा, कोषाधिकारी भरतलाल मीना, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आठवां जागरण एवं भंडारा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

**करौली( नि.स. )।** समस्त जादौन सेवा समिति के पदाधिकारीयो ने करौली के अंजनी माता मंदिर पर होने वाले आठवां जागरण एवं भंडारा कार्यक्रम के पोस्टर का करौली के अजय होटल में विमोचन किया गया। समस्त जादौन सेवा समिति हैदराबाद के हेमराज सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करौली के अंजनी माता मंदिर पर विशाल आठवां भगवती जागरण एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे बैंड बाजे के साथ अरावली नगर राजपूत कॉलोनी स्थित लक्ष्मी मैरिज गार्डन से मां अंजनी के मंदिर के लिए पदयात्रा प्रस्थान करेगी इसके पश्चात दोपहर 2:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक भंडारा कार्यक्रम आयोजित होगा उन्होंने बताया कि रात्रि



करौली के अजय होटल मे जागरण,भंडारा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन करते हैदराबाद समिति के सदस्य।

8:00 बजे से प्रात: 5:00 बजे तक अंजनी माता मंदिर परिसर में विशाल रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें महिलाओं के खाने-पीने एवं बैठने की व्यवस्था अलग से की जावेगी उन्होंने बताया कि जागरण कार्यक्रम में जयपुर की प्रमुख भजन गायक कलाकार कोमल शर्मा,गुरुग्राम दिल्ली से नरेश सैनी,श्रीधाम वृंदावन से संस्कृति राजपूत,मुरादाबाद से सनी चड्ढा,मुंबई से इशरत जहां केडिया,जयपुर से हितेश रंगरसिया जैसे प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों द्वारा माता रानी की भेंट,लांगुरिया एवं कार्यक्रम समाप्ति पर माता तारा रानी की कथा का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर करौली के अजय होटल में समस्त जादौन सेवा समिति हैदराबाद के सदस्य एकत्रित हुए जहां उन्होंने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया इस दौरान गणेश सिंह,अनिल सिंह,सुरेश सिंह,विष्णु सिंह,मेघ सिंह,अशोक सिंह,रिंकू सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## युवा दिव्यांगों को स्कूटी दिये जाने की घोषणा

**करौली ( नि.स. )।** जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी बबलू शर्मा ने बताया है कि राजस्थान सरकार बजट वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत युवा दिव्यांगों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से दिव्यांगों को स्कूटी दिये जाने की घोषणा की गई है।

विभाग द्वारा चलने-फिरने में असमर्थ ऐसे विशेष योग्यजन जो राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत है अथवा रोजगार करने वाले युवा है, को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नि:शुल्क स्कूटी उपलब्ध करवाये जाने हेतु योजना प्रारम्भ की गई है। इस हेतु आवेदक ई-मित्र अथवा एसएसओ पोर्टलरू ूणे्वण्तंरेंजींदणहवअण्पद "श्रडै वैाच्" आईकन के माध्यम से वांछित दस्तावेज सहित दिनांक 30 नवम्बर 2024 तक आवेदन ऑनलाईन करना होगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए विशेष योग्यजन पेंशन पी.पी.ओ., आय प्रमाण पत्र माता, पिता,अभिवावकों, स्वंय की संकलित वार्षिक (आय 2 लाख रूपये से अधिक नही हो जो आवेदन की तिथी से 6 माह से अधिक पुराना न हों) व चिकित्सा प्राधिकारी,चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत के चलन नि:शक्तता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र 10 वी की अंकतालिका अथवा सक्षम स्तर से जारी जन्म प्रमाण पत्र, आयु सीमा (18 वर्ष से 45 वर्ष तक हो), नियमित अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र जो आवेदन की तिथी से एक माह से अधिक पुराना न हो, रोजगार हेतु नियोक्ता द्वारा जारी रोजगार प्रमाण पत्र अथवा स्वंय का शपथ पत्र , आवेदक द्वारा पूर्व में भारत, राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजनान्तर्गत मोटराईज्ड ट्राई साईकिल, स्कूटी वाहन प्राप्त नही किये जाने का शपथ पत्र, दिव्यांगता प्रदर्शित करते हुऐ स्वंय की फोटो, ड्राईविंग लाइसेन्स की प्रति इत्यादि दस्तावेज ऑलनाईन आवेदन के साथ अपलोड करने आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, करौली कलेक्ट्रेट परिसर रूम नम्बर 14 में जानकारी कर सकते है।

## इंद्रगढ माता की बसयात्रा 14 को

**गंगापुर सिटी।** मां इंद्रगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में बिजासन माता इंदरगढ देवी जिला बूंदी की मासिक बस यात्रा 14 अक्टू, सोमवार को प्रस्थान करेगी। समिति के अध्यक्ष देवी चरण गर्ग ने बताया कि 23 वीं यात्रा 14 अक्टू॰ सोमवार को कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने से शाम 4 बजे इंदरगढ के लिए प्रस्थान करेगी। 15 अक्टू॰ प्रात: 6 बजे माता के दर्शन कर कन्याओं को भोजन कराने के साथ भंडारा का आयोजन किया जायेगा होगा। वहीं इससे पहले नवरात्रों के चलते कर्मचारी कॉलोनी स्थित मां इंदरगढ दरबार में 1॰ अक्टूवर गुरुवार को माता रानी का दरबार सजाकर रात्रि 7 बजे माता रानी की आरती कर छप्पन भोग फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी ।

## मन्दिर में शिव परिवार की मूर्ती को खण्डित किया

**जुरहरा, ( निसं )।** सोमवार को क़स्बे के प्राचीन इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर स्थित शिव परिवार की मूर्ति को किन्हीं असामाजिक तत्वों के द्वारा खंडित कर दिया गया, जिसकी सूचना पर काफी संख्या में कस्बे के लोग इंद्रकुटी मंदिर पहुंच गए। वहीं मूर्ति खण्डित किए जाने घटना की जानकारी मिलते ही जुरहरा थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह भी मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और उपस्थित लोगों से जानकारी प्राप्त की। श्री इंद्रकुटी हनुमान मंदिर के पुजारी श्यामसखा शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शाम समय करीब 5.15 बजे वे मंदिर पहुंचे जहां उनको शिव परिवार में जलहरी के खंडित होने की जानकारी मिली। जिसकी सूचना उन्होंने जुरहरा थाना अधिकारी को दी और थाना अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त की। पुजारी ने बताया कि मूर्ती तोड़े जाने से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। सैंकड़ो लोग प्रतिदिन शिव परिवार की पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं। पुजारी ने बताया कि घटना के सम्बंध में लिखित रूप में जुरहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। मूर्ति खंडित होने की सूचना पर काफी संख्या में कस्बे के लोग मौके पर पहुंच गए जहां उन्होंने घटना के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। घटना की जानकारी मिलने पर जुरहरा तहसीलदार मनोज भारद्वाज ने भी इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# जिला बचाओ संघर्ष समिति का सांकेतिक धरना सातवें दिन भी जारी

**गंगापुर सिटी** जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा गंगापुर जिले में पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति करने, जिला स्तर के किसी भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं करने एवं जिले को स्थाई स्वरूप देने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने लगातार दसवें दिन जारी रहा, जिसमे नगर परिषद के वार्ड 29, 30॰, 31 एवं 32 के जनप्रतिनिधि, आमजन

■ **14 को गंगापुर बंद व आमसभा के लिए गांव गांव ढाणी ढाणी में किया जा रहा जनसर्म्पक, आमजन को दिया जा रहा न्योता**

उपस्थित रहे। धरना स्थल पर आमजन ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि भजनलाल सरकार पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा बनाये गए जिलों को खत्म की साजिश कर रही है, कई सालो के संघर्ष के बाद गंगापुर जिला बना है, जिसको खत्म करने पर ये सरकार तुली है, सरकार बने 10॰ माह से अधिक हो गए है। इस सरकार ने अभी तक कोई भी जनकल्याण के कार्य नहीं किये है सिर्फ समीक्षा के नाम पर कई विकास कार्यो को रोक रखा है, जिले में बढते अपराधों पर अंकुश लगाने




कलेक्ट्री के बाहर धरने पर बैठे जनप्रतिनिधी व आमजन।

वाले पुलिस अधीक्षक का ट्रांसफर कर दिया, जिला परिषद के एसीओ का ट्रांसफर कर दिया, जिले को विकास के लिए बजट नहीं दिया जिससे जिले का विकास रुक गया है।

पेयजल की किल्लत क्षेत्र में बढ रही है, सडके खराब पडी हुई है, भजनलाल सरकार की नियत में खोट है हमने धरना शुरू किया था उस समय जिला पुलिस अधीक्षक के रिक्त पद को भरने की मांग रखी थी, जो अभी तक नहीं मानी गई है। आगामी 14 अक्टूबर को विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से गंगापुर जिले की जनता अपना विरोध दर्ज करेंगी, जिला बचाओ जन जाग्रति अभियान द्वारा गाँवो में संपर्क करके लोगो को 14 अक्टूबर को आमसभा में आने का आव्हान भी किया जा रहा है। प्रवक्ता कैलाश मीना ने बताया की फरना स्थल पर ब्लॉक अध्यक्ष नवीन खान, रविकांत मिश्रा, विकास जैन, पार्षद महबूब खान, महेश बाबू, जीतू शर्मा, अनवर खान, रबीना बानो, सुल्ताना बानो, प्रसादीलाल, विश्राम टोकसी, सामाजिक कार्यकर्ता बीना मीना, पूर्व पार्षद श्रीलाल सैनी, सीताराम मीना, मोहम्मद हुसैन आदि आमजन उपस्थित थे। जन जागृति अभियान की टीम ने किया क्षेत्र का दौरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के सभी पंच पटेलों ने जन जागृति अभियान के संरक्षक हरगोविंद कटारिया के नेतृत्व में दर्जनों गाँवो का दौरा किया जिसमे कुंसाय, मीना बडोदा, बडौली, पावटा, किशोरपुर, खरेडा, वजीरपुर, श्यारोली, शेखपुरा, सेवा, छान, जीवली, टोकसी, रेंडायल तुर्क, रेंडायल गुर्जर, मोहचा, भालपुर, खंदीप, नवाजीपुरा, फुलवाडा, रायपुर, मैडी एवं मठगाँवो का दौरा कर आमजन को आगामी 14 अक्टूबर को होने वले आम सभा में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की। आमसभा के माध्यम से जिला गंगापुर सिटी में पुलिस अधीक्षक के रिक्त पद को भरने, जिला स्तर के किसी अधिकारी को नहीं हटाने एवं जिले को स्थाई रूप देने की मांग आमजन की और से रखी जाएगी।

## अधिशासी अभियंता कार्यालय में शिविर आयोजित

**गंगापुर सिटी ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली निगम की ओर से फव्वारा चौक पावर हाउस अधिशासी अभियंता कार्यालय में शिविर का आयोजन जैमिनी सोलर एनर्जी के देखरेख में किया गया। शिविर में काफी संख्या में लोग पीएम मुफ्त बिजली सोलर योजना में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए पहुंचे और इस दौरान लोगों ने इसके लिए आवेदन किया। अधिशासी अभियंता रूपसिंह गुर्जर ने बताया कि शिविर में मौके पर ही आवेदन करने आए लोगों के फॉर्म भरे गए, साथ ही विभिन्न बैंकों के द्वारा ऋण के लिए फाइल लगाई गई। शिविर में करीब 14 लोगों के द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाया गया। इस दौरान लोड बढाने और डिमांड निकाल कर डिमांड राशि मौके पर ही जमा की गई। जैमिनी सोलर एनर्जी संचालक अशोक जैमिनी ने आवेदन करने आए सभी लोगों को सोलर पर सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिशासी अभियंता रूपसिंह गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता सतीश मीणा, भूपेश शर्मा और विकास अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 14 रजिस्ट्रेशन किए गए। गंगापुर सिटी ए प्रथम में 6 रजिस्ट्रेशन हुए और अब तक यहां 163 रजिस्ट्रेशन हो चुके है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिले में अब तक 1041रजिस्ट्रेशन हो चुके है और 832 फाइल लग चुकी है जबकि 22 कनेक्शन इंस्टॉल हो चुके हैं।

# अस्थमा एवं किडनी रोग पर हेल्थ सेमीनार आयोजित



लायंस क्लब भरतपुर रायल्स ने अस्थमा एवं किडनी रोग पर हेल्थ सेमीनार आयोजित किया ।

**भरतपुर( निस )।** लायंस इन्टरनेशनल प्रान्त 3233 ई-1 की स्प्रैड हैपीनेस प्रकल्प के तहत लायंस क्लब भरतपुर रायल्स ने सीके विडला हॉस्पीटल्स के संयुक्त तत्वावधान पर अस्थमा रोग एवं किडनी रोग पर एक हैल्थ सेमीनार का आयोजन स्थानीय होटल अमर विलास में किया गया। अस्थमा रोग विशेषज्ञ एसोसिएट कन्सलटेंट डॉ. हर्षिल अलवानी ने अस्थमा रोग के लक्षणों व कारणों की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से फेंफडों की संरचना व अस्थमा रोग से पडने वाले प्रभाव को बहुत सूक्ष्मता व गहनता से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि आनुवांशिक रोग के साथ आज के दूषित वातावरण, धूरमपान व अस्वच्छता के कारण दूषित गंध एवं एलर्जी मौसमी प्रभाव इसका मुख्य कारण है। कुछ विशेष सावधानियों से इस रोग से बचाव संभव है। किडनी रोग विशेषज्ञ यूरोलोजिस्ट डॉ. प्रतीक गर्ग ने किडनी में पथरी होने के कारण तथा विभिन्न मूत्र रोगों पर विस्तार से चर्चा की तथा बचाव के विभिन्न उपाय बताये। सेमीनार का शुभारम्भ दाता गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सेमीनार में उपस्थित रीजन चेयरपर्सन लायन प्रवीन फौजदार एवं क्लब संरक्षक विनोद सिंघल ने डाक्टर्स का स्वागत किया व प्रतीक चिंह भेंट किए।

क्लब अध्यक्ष लायन मंजू गुप्ता ने स्वागत उदबोधन ने कहा कि क्लब द्वारा अब तक तीन माह में 26 सेवा गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। क्लब स्वास्थ्य परिचर्चा, जरूरतमंदों की सेवा व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु निरंतर प्रकल्प संचालित कर रहा है।

